# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र 2024–25
## कक्षा–12
## कृषि अर्थशास्त्र
## केवल कृषि भाग–2 के परीक्षार्थियों के लिये

समयः 3 घंटा 15 मिनट पूर्णांक 50

नोटः प्रारम्भ के 15 मिनट विद्यार्थियों को प्रश्न पत्र पढ़ने हेतु निर्धारित है।

नोटः (1) सभी प्रश्न अनिवार्य है।

(2) प्रश्न संख्या 1 से 5 तक बहुविकल्पीय प्रश्न है। प्रश्न संख्या 6 से 10 तक निश्चित उत्तरीय प्रश्न है, जिनका प्रत्येक उत्तर एक वाक्य में देना हैं। प्रश्न संख्या 11 से 15 तक अति लघुत्तरीय प्रश्न जिनका प्रत्येक उत्तर अधिकतम 50 शब्दों में लिखना हैं। प्रश्न संख्या 16 से 18 तक अति लघुउत्तरीय प्रश्न है जिसका उत्तर लगभग 150 शब्दों में देना है। प्रश्न संख्या 19 से 21 तक विस्तृत उत्तरीय है, जिनका प्रत्येक उत्तर लगभग 300 शब्दों में लिखना है।

### बहुविकल्पीय प्रश्न

1. अर्थशास्त्र की भौतिक कल्याण संबंधी परिभाषा के जनक कौन है? 1 अंक
   क–मार्शल
   ख–एडम स्मिथ
   ग–रॉबिन्स
   घ–जे0के0 मेहता
2. लगान की धारणा का प्रतिपादन किसने किया है? 1 अंक
   क–मार्शल
   ख–जे0एस0मिल
   ग–डेविड रिकार्डो
   घ–पीगू
3. निम्नलिखित में से कौन–सा उत्पादन का सर्वाधिक निष्क्रिय साधन है? 1 अंक
   क–श्रम
   ख–पूंजी
   ग–साहस
   घ–भूमि
4. आर0बी0आई0 की स्थापना किस सन में हुई थी? 1 अंक
   क–1940
   ख–1950
   ग–1935
   घ–1955
5. जब सीमान्त उपयोगिता शून्य होती है तो कुल उपयोगिता कितनी होती है? 1 अंक
   क–अधिकतम
   ख–न्यूनतम
   ग–शून्य
   घ–कोई नहीं

## निश्चित उत्तरीय प्रश्न_ **1x5=5**

6. उपभोग की परिभाषा लिखिए।
7. मांग का क्या अर्थ है?
8. कृषि अर्थशास्त्र क्या है?
9. मुद्रा का क्या अर्थ है?
10. भूमि का क्या अर्थ है?

## अति लघुउत्तरीय प्रश्न **2x5=10**

11. संगठन को परिभाषित कीजिए।
12. अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का अर्थ स्पष्ट कीजिए।
13. अर्थशास्त्र में वितरण का क्या अर्थ है?
14. बेरोजगारी समस्या के निवारण के लिए कोई दो सुझाव दीजिए।
15. चल पूंजी और अचल पूंजी की परिभाषा लिखिए।

## लघुउत्तरीय प्रश्न **4x3=12**

16. ग्राम्य जीवन के उद्‌भव तथा विकास पर टिप्पणी लिखिए।
17. जनसंख्या दबाव से आप क्या समझते हैं?
18. पूर्ति के नियम को समझाइये।

## विस्तृत उत्तरीय प्रश्न **6x3=18**

19. मार्शल की अर्थशास्त्र की परिभाषा के गुण दोष की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

बाजार का क्या अर्थ है तथा बाजार के विभिन्न प्रकारों की व्याख्या कीजिए।

20. विनिमय से आप क्या समझते हैं? विनिमय के लाभों का वर्णन कीजिए।

**अथवा**

उत्पत्ति ह्रास नियम की रेखाचित्र द्वारा व्याख्या कीजिए।

21. रिकार्डो के लगान सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए।

**अथवा**

सहकारिता का क्या अर्थ है तथा विभिन्न प्रकार के सहकारी समितियों की व्याख्या कीजिए।